## दीपावली पर्व आज : हर घर होगा रोशनी से सराबोर

### परंपरा, विधि-विधान और उत्साह से मनाया जाएगा दीपोत्सव का पर्व, बाजार में हुई जमकर खरीदी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** सुख समृद्धि और जगमगाते उजाले का प्रतीक दीपोत्सव आज शहर ही नहीं बल्कि पूरे जिले में परंपरागत विधि विधान और उत्साह से मनाया जाएगा। घरों के आंगन रांगोली से सजाकर और दीपों को प्रज्जवलित कर सुख समृद्धि के लिए महालक्ष्मी, गणेश की उपासना की जाएगी। तदोपरांत जिले के बच्चों युवाओं द्वारा पटाखे आदि जलाकर खुशी का इजहार किया जाएगा। धनतेरस से शुरू हुए पांच दिवसीय दीपोत्सव के आज तीसरे दिन घर-घर में गणेश और लक्ष्मी की पूजा अर्चना के अलावा प्रतिष्ठानों में तेल-घी के दीयों से माहौल को जगमग करेंगे। इस वर्ष दीवाली के दौरान सूर्य बुध की युति बनने से बुध-आदित्य योग बन रहा है। बुधादित्य को ज्योतिष में राजयोग का कारक माना जाता है। इस दौरान किये गये कार्य से सिद्धी की प्राप्ति होती है।





**कुछ यूं रहेगें शुभ मुहूर्त**-दिवाली हर साल कार्तिक मास की अमावस्या को मनाई जाती है। इस साल अमावस्या तिथि 30 अक्टूबर को शाम 5 बजकर 27 मिनट से प्रारंभ होगी, जो कि 31 अक्टूबर को शाम 4 बजकर 18 मिनट पर समाप्त होगी। दीपावली लक्ष्मी पूजन मुहूर्त शाम 6 बजकर 53 मिनट से रात 8 बजकर 16 मिनट तक रहेगा। लक्ष्मी पूजन की अवधि 1 घंटा 23 मिनट की है।

**खाता बही की भी होगी पूजा**-घरों में महिलाएं और युवतियां तैयारियों में जुटी हुईं हैं। उन्होंने घरों के आंगन और छत पर आकर्षक डिजाइन की रांगोली सजा रखी है। पर्व की रौनक को यादगार बनाने के लिए हर वर्ग पूरे उत्साह से जुटा हुआ है। इसी तरह लक्ष्मी की उपासना वाले दीपोत्सव पर अनेक व्यवसायिक संस्थानों में आज से लेनदेन का नया वर्ष शुरू होगा। यहां लेखा और बहियों की पूजा होगी। किसान खेतों में दीये जलाकर धनधान्य में बढ़ोत्तरी की कामना के लिए लक्ष्मीजी को मनाएंगे। दूसरी ओर आज मनाई जाने वाली दीपोत्सव के लिए शहर के बाजारों में धनतेरस की शाम खरीददारों की खासी भीड़ देखने को मिली। पूजापाठ और मिठाईयों तथा पटाखों की खरीदी के लिए देर रात तक बाजार सजे रहे। इस मौके पर खासकर दीये बाती और लाई लावा और फूल मालाओं की बिक्री सर्वाधिक रही।

## गन्ना किसानों को भुगतान करें शुगर

### नरसिंहपुर जिले के अधिक से अधिक संख्या में गुड़ भट्ठियों का संचालन करें

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के जिला नरसिंहपुर में किसानों की क्रेशर गुड़ भट्टी याने लघु कुटीर उद्योग-जो प्रति सप्ताह किसानों की नगद आय का मुख्य स्त्रोत होने के साथ-साथ हजारों ग्रामीण मजदूरों को रोजगार देने का काम करता है नरसिंहपुरिया गुड़ की माँग विदेशों तक हो चुकी है। अब गुड़भट्टियों को बचाना पर्याप्त नहीं वल्कि प्रोत्साहन देना होगा? लेकिन कुछ वर्षों से देखा सुना गया कि जिले की शुगर लाँवी इन्हें बँद कराने का षडयंत्र करता रहा है कभी किसानों गुड़ भट्टी की भूमि का डायवर्सन मांगा गया तो कभी भोपाल से प्रदूषण प्रमाण-पत्र फिर गुड़भट्टी पर काम कर रहे मजदूरों ठेकेदारों की जाँच किसानों के निजी तौल काँटों की सत्यापन इस तरह भोले-भाले किसानों को डराया धमकाया जाता रहा है।

उक्त जानकारी देते हुए एडवोकेट लीलाम्बर सिंह पटेल पुश्तैनी किसान पूर्व मँडी डायरेक्टर पूर्व सचिव जिला अधिवक्ता सँघ नरसिंहपुर ने बताया कि



तत्सम्बँध में ज्ञापनों के माध्यम से पूर्व में जिला प्रशासन को अवगत कराया गया। किसानों से अपील है अधिकाधिक गुड़ भट्टियों का संचालन करें। आत्मनिर्भर होने के साथ रोजगार दें शुगर मिलों पर कदापि भरोसा नहीं करें, गुड़ बनाएँ नगद पैसा कमाएँ। किसानों के शोषण का उदाहरण जानिए-नरसिंहपुर जिले की क्रक्र एग्रो वड़गुवाँ खाँडसारी तीन साल से जिले के सैकड़ों किसानों का पाँच करोड़ रुपया दबाकर बैठी है।

प्रशासन की ठोस कार्यवाही नजर नहीं आती मिल नीलाम होना थी केवल कागजी कार्यवाही हुई। मिल का सील करना हल नहीं है। एडवोकेट नीलांबर सिंह पटेल की मांग की है कि हरहाल में मिल नीलाम हो मिल के सम्पूर्ण विवरण सहित सूचना समाचार-पत्रों चैनलों के माध्यम से महाराष्ट्र उ, प्र के उद्योग जगत तक नीलामी की सूचना पहुँचे प्रकाशन का पैसा मिल की नीलामी से वसूल करे मेहनतकश किसानों के गन्ना फसल का पैसा तत्काल ब्याज सहित भुगतान हो।

## सार-समाचार

### क्षेत्र की सुख शांति के लिए की रामार्चन पूजन

**गाडरवारा देशबन्धु।** क्षेत्र में सुख शांति के लिए ग्राम के प्रसिद्ध सिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में एक दिवसीय रामार्चन पूजन का आयोजन महान संत श्री संतोष दास जी महाराज के पावन सानिध्य में उनके भक्त नरेश अवस्थी द्वारा कराया गया। प्रात: काल से ही पूजन मंत्रोच्चार से प्रारंभ हुई। जिसमे अयोध्या से पधारे विद्वान पंडितो द्वारा विधि विधान से पूजन कराया। जिसमें जिला पंचायत सदस्य अंजू शुक्ला सहित ग्रामीणों ने शामिल होकर पुण्य लाभ लिया।

### अज्ञात एवं गरीबजनों की अंत्येष्टि के लिए भेंट की लकड़ियां

**गाडरवारा देशबन्धु।** समाजसेवी संगठन श्री साईं श्रद्धा सेवा समिति के संरक्षक सदस्य रहे स्वर्गीय अशोक राय की स्मृति में शमशान घाट में अंत्येष्टि हेतु नगर पालिका लकड़ी कोष में लकड़ी भेंट की गई। गौरतलब है कि शहर के विभिन्न स्थानों से एकत्रित लकड़ियों से नगर पालिका अज्ञात एवं गरीब जनों की अंत्येष्टि में कई वर्षों से लकड़ी कोष से नि:शुल्क लकड़ी देती आ रही है। इसी क्रम में जिला युवा कल्चुरी कलार समाज के जिलाध्यक्ष एवं समाजसेवी आशीष राय ने अपने पिता द्वारा लगाएं पेड़ों से निकली लड़की को इस पुनीत कार्य में समर्पित कर एक मिशाल कायम की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने कार्य की सराहना करते हुए कहा कि गरीबजनों की अंत्येष्टि हेतु लड़की का दान किया जाना बहुत श्रेष्ठ कार्य है। ऐसा योगदान अनुकरणीय एवं प्रेरणादाई है। नगर पालिका परिषद उनके इस सेवा कार्य की खुले दिल से सराहना करती है। साथ ही गणमान्यों से इस सेवा कार्य में जुड़ने की अपील भी करती है।

### अधूरा पड़ा आजीविका मिशन का कार्यालय भवन, शासन को लगाया जा रहा चूना

**गोटेगांव, देशबन्धु।** गोटेगांव के समीपवर्ती पंचायत श्रीनगर के गांव पंचामा में आजीविका मिशन का कार्यालय लम्बे समय से बंद रहा है जिसका कार्य एक साथ नहीं होने के कारण चार साल व्यतीत हो गए हैं। इस कार्यालय का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। वर्तमान समय में इस कार्यालय में छपाई करने के बाद आगे का कार्य फिर से बंद पड़ा है। जिसके कारण आजीविका मिशन कार्यालय की शुरूआत नहीं हो पा रही है। इस अधूरे कार्यालय का निर्माण कार्य कब तक पूरा हो पाएगा और इस भवन में कब कार्यालय की शुरूआत हो पाएगी। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारी भी कुछ स्पष्ट नहीं कर रहे हैं।

अधिकांश ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन,सामुदायिक भवन,यात्री प्रतीक्षालय,छात्रावासों एवं अन्य भवन जो शासकीय निधि से बनाए जा रहे हैं और जो भवन निर्मित हो चुके हैं उनका धनी धोरी कोई दिखाई नहीं देता।सवाल यह है कि शासन ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन,प्रतीक्षालय,एवं अन्य भवन बनाने की घोषणा के साथ निर्माण भी करवा देती है जिससे शासन का करोड़ों रुपया इन निर्माण कार्यों में खर्च हो जाता है फिर भी इन निर्मित आवासों में भूतों का डेरा के सिवाय कुछ नजर नहीं आता और मुख्य द्वार पर ताला लटका हुआ रहता है आखिर शासन जिस प्रयोजन के लिए ये भवन बनवा देता है फिर उस पर नजर क्यों नहीं रखी जाती।क्या ये निर्माण कार्य सिर्फ जनप्रतिनिधियों के कमीशन के चक्कर में या बिचौलियों के जेब भरने के लिए निर्माण कार्य करवाकर शासन अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेता है ऐसा ही वाक्या हमारे प्रतिनिधि को जब देखने को मिला जब वो ग्रामों का दौरा कर रहे थे।ग्राम श्रीनगर के पचामा में एक सामुदायिक भवन निर्मित कर पंचायतों ने शासन का पैसा बर्बाद कर दिया ऐसे एक ही नहीं सैकड़ों भवन बने हुए हैं किसी भवन की सीलिंग से पानी टपकता है तो किसी की छाप गिरने से लोहे की रॉड बाहर से दिखने लगीं है तो कोई पूरा का पूरा खंडहर होता प्रतीत हो रहा है तो कोई असामाजिक तत्वों और सुरा प्रेमियों के लिए सुरा केंद्र बनता जा रहा है जहां पर सुरा प्रेमी मस्ती करते हुए जाम छलका रहे हैं।गोटेगांव जनपद पंचायत क्षेत्र के ऐसे अनेक ग्राम इसका जीवंत उदाहरण हैं जो शासन की नजरों से बहुत दूर है शासन करोड़ों रुपया खर्च करके क्या विकास दिखाना चाहता है यह समझ से परे है।

## सब्जियों के दाम आसमान पर, आमजन परेशान

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर की सब्जी मंडी में इन दिनों आने वाली सब्जियों के दामों में बेहताशा वृद्धि देखने को मिल रही हैं जिससे यह सब्जियां गरीबों की पहुंच से बाहर होती जा रहीं हैं।





इस भीषण दौर में सब्जियों में भी मंहगाई का तड़का लगा हुआ है जिस कारडुण सब्जियां गरीबों की थाली से नदारद होती जा रही हैं।लिहाजा गरीबों की समस्या बनी है की वह क्या करे।सब्जी मंडी में आलू 40 रुपया किलो,प्याज 60 रुपया किलो और हरी सब्जी 20 रुपया पाव से कम नहीं मिल रही है तो वहीं टमाटर 15 रुपया पाव बिक रहे हैं।

आजकल तो भटा भी भटा के भाव ना होकर आसमान पर पहुंचा है।80रुपया किलो बिक रहे हैं अब ऐसे में गरीब और मध्यम वर्ग अच्छा खासा परेशान होता नजर आ रहा है हरा धनिया तो दवाई हो गया है जो 10 रुपया में तोला भर भी नहीं आ रही है। मंहगाई से हर वक्त बेचारे गरीब की ही कमर टूटती है।परंतु सत्ता में बैठे सत्ताधीशों की इन सब की परवाह बिल्कुल नहीं है।गरीब तो मंहगाई में खून के आंसू रो रहा है और गरीब की थाली से सब्जी भी गायब होती जा रही है।यह एक बार की बात नहीं है जो सब्जी मंहगी हो रही है यह क्रम 2014 से प्रति वर्ष जून से अक्टूबर तक देखा जाता है जब सब्जियों के बेचने वाले बिचौलिए धन कुबेर बन जाते हैं और बेचारा गरीब मेहनत मजदूरी करके भी दो वक्त में एक वक्त सब्जी नहीं खा सकता है प्रशासन का यह रवैया कैसा है समझ से परे है क्या सब्जियों को विक्रय करनेवालों पर सरकार का बस नहीं चलता।या फिर चुपचाप सरकार तमाशा देखती है।

## पहुंचविहीन दुर्गम पहाड़ी वनग्रामों में घोड़ों से पहुंचाई दीपावली की सामग्री

**गाडरवारा, देशबन्धु।** समाज सेवा में सदा अग्रणी रहने वाले नगर के वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश बसेडिया ने गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी दुर्गम वनाँचल ग्रामों मे आदिवासियों को सामग्री वितरण कर उन्हें दीपावली की खुशियां दी हे।

उन्होंने धनतेरस के एक दिन पूर्व से ही क्षेत्र के अति दुर्गम सुदूर वनांचल के तलैया, बड़ागांव, पटकना, भातोर, हींगपानी,हरसुआ, पिपरिया टोला, आफ़तगंज, कुकलोर, पीपला, बेरबन, टूइयापानी सहित 12 ग्रामो के आदिवासियो को दीपावली उत्सव मनाने हेतु दीपक तेल ,बाती ,प्रसादी ,माँ लक्ष्मी के छायाचित्र प्रदान किये। उन्होंने वृद्धजनों, युवाओं एवं महिलाओ को नवीन वस्त्र व गर्म कपड़े, मच्छरदानी, पीत वस्त्र, साड़ियां, कुर्ता धोती कंबल भेंट किये। इसके अलावा बच्चों को वस्त्र, पठन लेखन शिक्षण सामग्री सहित, पटाखे, खिलौने, टॉफी, श्रृंगार आदि भेंटकर उनके चेहरों पर खुशियां लाकर अनूठी मिसाल कायम की। विदित हो कि इस कार्य के लिए उन्होंने सतत तीन दिन घोड़ो को किराये पर लेकर दूरस्थ अतिशय दुर्गम एवं खड़ी चार घण्टे की चढ़ाई पारकर दीप उत्सव के लिये सामग्री पहुंचाई।

उल्लेखनीय है कि मुकेश बसेडिया विगत अनेक वर्षों से स्वयं के खर्चे पर दुर्गम पहाड़ो पर बसे ग्रामो में सतत सर्दी काल मे ठंड से ठिठुरते हुए लोगो को कंबल, मच्छरदानी, राशन, वस्त्र आदि वितरण करते आ रहे हैं तथा वनांचल ग्रामों में लगभग पंद्रह वर्षो से दीपावली के साथ साथ सभी बड़े त्योहार आदिवासियों के साथ मनाते है। उपरोक्त सेवा कार्य में पुनीत त्यागी ,प्रिंस बसेड़िया, कडोरी भारिया, राम चरण भारिया, महेश भारिया, बटरू भारिया, राकेश भारिया आदि का योगदान विशेष योगदान रहा।

## ऑल ड्राइवर कल्याण संघ की कार्यकारिणी घोषित

### संगठन से जुड़े अनेक ड्राइवरों ने अपनी समस्याएं, नियुक्ति पत्र भी दिए

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गाडरवारा के जवाहर कृषि उपज मंडी प्रांगण में आल ड्राइवर कल्याण संघ, नरसिंहपुर मध्यप्रदेश ने एक कार्यक्रम आयोजित कर अपनी जिला एवं तहसील कार्यकारिणी की घोषणा की, साथ ही संगठन से जुड़े ड्राइवरों को नियुक्ति पत्र ओर कार्ड वितरित किए। कार्यक्रम में ड्राइवरों ने संगठन के पदाधिकारियों के समक्ष अपने काम के दौरान आने वाली समस्याओं को बताया। ड्राइवरों ने बताया कि शासन प्रशासन ड्राइवरों के हक की बात तो करती है लेकिन उन्हें अबतक उनके अधिकार नहीं मिल सके हैं।

पूरे कार्यक्रम का आयोजन गाडरवारा अध्यक्ष हनुमत कुशवाहा ने किया वही पूरा कार्यक्रम मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष पतिराम दावरे, जिला जिला महामंत्री रामकुमार यादव, जिला प्रभारी नवीन राजपूत, कानूनी सलाहकार हरगोविंद जाटव, तेंदूखेड़ा अध्यक्ष निरंजन घोषी, करेली अध्यक्ष विजय ठाकुर के आथित्य में हुआ। कार्यक्रम के दौरान संगठन से जुड़े चंद्रदीप राजपूत जिला अध्यक्ष, हनुमत पटेल गाडरवारा अध्यक्ष आदि संगठनों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में जयप्रकाश लोधी को नरसिंहपुर शहरी अध्यक्ष, कौशल सालीचौका अध्यक्ष, विजय ठाकुर करेली अध्यक्ष, निरंजन तेंदूखेड़ा अध्यक्ष, संजू रजक साईंखेड़ा अध्यक्ष, पवन कतीया चीचली अध्यक्ष, शाहिद खान गाडरवारा प्रभारी, सीताराम ठाकुर गाडरवारा कोषाध्यक्ष, नारायण खंगार करेली सचिव, आदि की संगठन में नियुक्ति की गई इसी नियुक्ति के साथ कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने संगठन के माध्यम से ड्राइवरों की समस्याओं को समय समय पर उठाने की बात की।

## आयुष विभाग में धन्वंतरी जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम

### स्वास्थ्य शिविर लगाया, औषधियुक्त खाद्य पदार्थों की लगाई प्रदर्शनी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरी जयंती के अवसर पर मंगलवार को आयुष विभाग द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरी की पूजा- अर्चना कर किया गया। आयुष विभाग द्वारा औषधि युक्त खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन हुआ। शिविर में आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथीक चिकित्सकों ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण व स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिए और निशुल्क दवाएं वितरित की गईं। इस अवसर पर करीब 600 मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। जिला आयुष अधिकारी



डॉ. सुरत्ना सिंह चौहान ने बताया कि सरकार द्वारा धनवंतरी जयंती को आयुर्वेदिक दिवस घोषित किया गया था, तब से यह नवा आयुर्वेदिक दिवस धन्वंतरी जयंती के दिन मनाया जा रहा है। आयुर्वेदिक दिवस के उपलक्ष में पिछले 10 दिनों से जिले में जागरूकता कार्यक्रम, महिला स्वास्थ्य पर शिविर, स्कूल वैलनेस पर विविध आयोजन किये गये। इस अवसर पर आयोजित आयुर्वेदिक संगोष्ठी में विभिन्न विद्यालयों के छात्र- छात्राएं शामिल हुए। शिविर में आए लोगों द्वारा एवं आयुष विभाग के स्टाफ द्वारा प्रधानमंत्री के आयुर्वेदिक दिवस के प्रोग्राम का लाइव प्रसारण देखा व सुना गया।

## फुटपाथ पट्टी पर टाइल्स लगाकर किया अतिक्रमण

**गोटेगांव, देशबन्धु।** गोटेगांव स्थानीय प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण की ओर विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते अतिक्रमण करने वालों के हौंसले बढ़ते ही जा रहे है। वहीं फुव्वारा चौक की मॉडल रोड की फुटपाथ पट्टी अतिक्रमण की चपेट में आ जाने से फुटपाथ पट्टी का उपयोग आमजन नहीं कर पाते है। तहसील कार्यालय के सामने मौजूद मॉडल रोड की पट्टी पर कुछ दुकानदारों ने पूरी तरह से कब्जा कर लिया है। दुकानदारों ने फुटपाथ पट्टी जो आमतौर पर पैदल नागरिकों के आवागमन के लिए बनाई जाती है इसी पट्टी पर नाली के ऊपर पक्का सीसी कंक्रीट डालकर ऊपर से टाइल्स लगाकर पैदल नागरिकों का रास्ता रोक दिया गया है। वहीं कुछ दुकानदारों ने पक्का टीन शेड का निर्माण फुटपाथ पट्टी के बाहर तक कर रखा है।



तहसील कार्यालय के सामने पट्टी पर अतिक्रमण कर लगी दुकानों के कारण मॉडल रोड पर भी कई वाहन खड़े रहते हैं। जिसके कारण यह सड़क मार्ग उक्त हिस्से में बहुत संकीर्ण हो जाता है। जनपद पंचायत कार्यालय के सामने वाले हिस्से में भी अतिक्रमण की बाढ़ लगी हुई है। इसी तरह मॉडल रोड परमहंसी मार्ग पर भी एक हिस्से में सड़क मार्ग बहुत संकीर्ण हो चुका है। आए दिन सड़क पर अवैध अतिक्रमण करने वाले की संख्या बढ़ती जा रही है वहीं स्थानीय शासन प्रशासन की उदासीनता के कारण हर जगह पर अतिक्रमण करने वालों के हौंसले बुलंद है।

वहीं आम नागरिकों ने मांग कि है उक्त फुटपाथ पट्टी के ऊपर पक्का निर्माण कर बनाए गए अवैध टीन शेड को हटाकर पैदल फुटपाथ पट्टी को पुन: सुचारू रूप से चालू किया जाए।शासन शीघ्र ध्यान दे।

## भगवान धन्वंतरि का किया पूजन-अर्चन

### अष्टांग चिकित्सालय की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** धनतेरस पर्व पर जिले की प्रतिष्ठित अष्टांग चिकित्सालय की स्थापना के 75वे वर्ष में भगवान धन्वंतरी की पूजा अर्चना की गई और धनतेरस एवं भगवान धन्वंतरी से जुड़ी धार्मिक मान्यताओं को बताते हुए सभी के स्वस्थ रहने की कामना की गई। पूजा अर्चना पंडित परषोत्तम दुबे एवं नरेंद्र दुबे द्वारा कराई गई। उक्त मौके पर डॉ धर्मेंद्र पांडे, डॉ. प्रतिमा पांडे,डॉ डीके मिश्रा, डॉ महेश त्रिपाठी, डॉ डीके शर्मा एवं चिकित्सालय के स्टाफ और नागरिक गण मौजूद थे।

## नगर पालिका ने फुव्वारा चौक को दिया नया स्वरूप

**गोटेगांव, देशबन्धु।** गोटेगांव नगर के स्थानीय नगर पालिका परिषद के द्वारा दिपावली के त्यौहार के पूर्व रहा है। नगर में साफ सफाई एवं लाइटिंग पर विशेष ध्यान दिया जाता रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष पूनम जितेंद्र ठाकुर के मार्गदर्शन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश मेहतेल के आदेश के परिपालन में उपमंत्री चंदन सिंह चौहान के दिशा निर्देशन में स्वच्छता टीम, जलप्रदाय, विद्युत शाखा, राजस्व टीम कार्य कर रही वह बहुत ही सराहनीय है।



कार्य नगर पालिका टीम कर रही है वही दूसरी ओर दीपों के पर्व दीपावली की तैयारियों के बीच एक ओर हर घर आंगन रंग रोगन से चकाचौंध है, वहीं गोटेगांव नगर के हृदय स्थल फ़ौहारा चौक की लोक लुभावन छटा जन आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।, नगरपालिका परिषद गोटेगांव द्वारा नगर के हृदय स्थल फुव्वारा चौक को नए रंग रोगन व लाइटिंग लगाकर एक लुक में साज सज्जित किया गया है जो आमजन को खूब लुभा रहा है, जिसे यहां से गुजरने वाले राहगीर रुककर निहार रहे है। जिसकी जनचर्चा नगर मे हो रही है।


**मार्केट वॉच गाडरवारा**

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए